प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 19.06.2024

- **महिला सम्बन्धी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध की जा कार्यवाही के क्रम में थाना देवराहट पुलिस की कार्यवाही से नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध पंजीकृत अभियोग में 01 नफर अभियुक्त को किया गया, गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उप महानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में महिला सम्बन्धी घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना देवराहट पर दिनांक 16.04.2024 को वादी श्री जयप्रकाश पुत्र स्व0 रामसेवक दोहरे निवासी जल्लापुर थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 18/2024 धारा 363/366/120बी/504 भा0द0वि0 बनाम 02 नफर अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 19.06.2024 को अभियुक्त सिक्षम उर्फ छोटू पुत्र अर्जुन दोहरे निवासी ग्राम रमऊ थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात को महेरा मोड थाना क्षेत्र भोगनीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

सिक्षम उर्फ छोटू पुत्र अर्जुन दोहरे ग्राम रमऊ थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री राजेश सिंह राठौर थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात।

2.हे0का0 87 शिवबहादुर सिंह थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात।